फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ़ **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 55/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 27.10.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा जरिये क्रमांकः /सू.अधि./2020/81–82 दिनांक 14.10.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार श्री गोपाल कंसारा निवासी देवगढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आवेदन दिनांक 11.08.2020 को पेश किया गया। जो इस कार्यालय को दिनांक 14.08.2020 को प्राप्त हुआ। आवेदक द्वारा आवेदन द्वारा 05 बिन्दुओं की सूचना चाही गई हैं आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में चाही गई बिन्दुवार सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध रेकार्ड एवं संधारित सूचना के आधार पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/सू.अधि./2020/78 दिनांक 28.09.2020 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड एडी सूचना भेजी गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्टनुसार कार्यालय में उपलब्ध रेकार्ड एवं संधारित सूचना के आधार पर जरिये पत्र क्रमांकः सू.अधि./2020/78 दिनांक 28.09.2020 द्वारा अपीलार्थी को रजिस्टर्ड एडी के प्रेषित किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)